**SEM:- 1 (M.J.C.-Paper-1)** **(HISTORY)**

## Topic-① इतिहास की प्रकृति (Nature of History) :—

⇒ इतिहास की प्रकृति का अर्थ है — "इतिहास किस प्रकार का ज्ञान है, उसका स्वरूप, विषयवस्तु और अध्ययन की पद्धति क्या है।"
इसे आसान भाषा में समझते हैं—

→ इतिहास एक वैज्ञानिक और मानवीय अध्ययन है—
- इतिहास तथ्यों पर आधारित होता है।
- इतिहासकार प्रमाण (जैसे— अभिलेख, सिक्के, ग्रन्थ, वस्तु आदि) के आधार पर निष्कर्ष निकालता है।
- परन्तु यह केवल विज्ञान नहीं है। क्योंकि इसमें मनुष्य के विचारों, भावनाओं और समाज के अनुभवों का भी अध्ययन किया जाता है।
इसलिए इतिहास विज्ञान भी है और कला भी है।

→ इतिहास का विषय-वस्तु मनुष्य और उसका समय है।—
- इतिहास प्रकृति या देवताओं की कथा नहीं है, बल्कि मनुष्य के कार्यों, संघर्षों, उपलब्धियों और असफलताओं का लेखा-जोखा बताता है।
- यह बताता है कि मनुष्य ने समय के साथ कैसे परिवर्तन किए— सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि।

→ इतिहास गतिशील (Dynamic) है—
- इतिहास स्थिर नहीं है, यह निरंतर बदलता रहता है।
- नए प्रमाण मिलने पर पुराने निष्कर्ष बदल सकते हैं।
- इसलिए इतिहास का अध्ययन निरंतर संशोधन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया है।

→ इतिहास व्याख्यात्मक (Interpretative) है—
- इतिहासकार केवल तथ्य नहीं बताता, बल्कि उनका विश्लेषण और व्याख्या भी करता है।